

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

गुलजार को मिलेगा 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 41 ■ अंक : 291 ■ सोमवार, 19 फरवरी 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

ANDROID APP ON Google play /ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## उल्हासनगर में 90-10 लोगों को कुत्ते ने काटा



**उल्हासनगर.** कैंप नंबर-4, सुभाष टेकड़ी इलाके में शनिवार को एक कुत्ते ने कुछ ही घंटों में 9 से 10 लोगों को काटकर घायल कर दिया. इसकी जानकारी जब सामाजिक कार्यकर्ता रमाबाई भालेराव ने मनपा के डॉग स्क्वाड टीम को दी, तो टीम ने आकर कुत्ते को पकड़ लिया. जिससे नागरिकों ने राहत की सांस ली है.

उल्हासनगर कैंप नंबर-4 के सुभाष टेकड़ी, सिद्धार्थ हाउसिंग सोसायटी इलाके में एक घटना घटी है, जहां एक कुत्ते ने इलाके के 9 से 10 लोगों को काटकर घायल कर दिया है. इस घटना से स्थानीय नागरिकों में भय का माहौल पैदा हो गया. भारतीय मानवाधिकार परिषद के अभिजीत चंदनशिव और सामाजिक कार्यकर्ता रमाबाई भालेराव ने जब उल्हासनगर म्युनिसिपल डॉग टीम को इसकी जानकारी दी, तो टीम ने जाल बिछाया और शनिवार दोपहर कुत्ते को पकड़ लिया. कुत्ते के पकड़े जाने पर स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली.

### क्राइम डायरी...

## मटके के अड्डे पर पुलिस का छापा



**2 लोगों के खिलाफ मामला**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस ने कैंप-2 में फक्कड़ मंडी चौक के पास चल रहे एक मटके के अड्डे पर छापा मारा और 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

मिली जानकारी के अनुसार उल्हासनगरपुलिस ने मच्छी मार्केट, फक्कड़ मंडी चौक, माता मंदिर के सामने खाली जगह में चल रहे एक मटके के अड्डे पर छापा मारा. यहां मटका जुआ खेल रहे कन्हैयालाल पहिलाजराय हसानी (65) व हितेश पहुमल डिंगरा (40) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र जुआ प्रतिबंधक अधिनियम की धारा 12 अ के तहत अपराध दर्ज किया है.

# उल्हासनगर के शराब माफियाओं पर MPDA के तहत कार्रवाई

### अवैध शराब बेचने वालों पर राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की गिरी गाज

### उल्हासनगर के 2, पिसवली व भिवंडी के 1-1 माफिया भेजे गए जेल






**उल्हासनगर.** ठाणे के राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने अवैध शराब बेचने और बनाने वाले शराब विक्रेताओं पर बड़ी कार्रवाई की है. ठाणे अधीक्षक डॉ. नीलेश सांगाडे ने बताया कि चूंकि इस विभाग ने असामाजिक कृत्य करने वाले चारों के खिलाफ एमपीडीए एक्ट के तहत कार्रवाई की, इसलिए उन्हें सीधे जेल भेज दिया गया है.

राज्य उत्पाद शुल्क विभाग अवैध शराब बेचने और बनाने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करता है। ऐसे आपराधिक लोग समाज की सुरक्षा के लिए खतरा हैं। समाज में असामाजिक कृत्य होने का खतरा रहता है। इसलिए उनके खिलाफ एमपीडीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

ठाणे राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के अधीक्षक डॉ. नीलेश सांगड़े ने ठाणे जिले के 11 लोगों की सूची तैयार की थी, जिन्होंने असामाजिक कार्य किए थे और उनमें से चार के खिलाफ एमपीडीए अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की अनुमति मांगी थी। पेश किए गए सबूतों के आधार पर अदालत ने 4 लोगों चक्कमसरी आकाश (उल्हासनगर), रूपा उबाले (पिसवली कल्याण), भास्कर रंगैया कासम (भिवंडी) और सैजात मुस्तफा खान (उल्हासनगर) के खिलाफ एमपीडीए के तहत कार्रवाई का आदेश दिया। तदनुसार, उन्हें येरवडा, नासिक और ठाणे सेंट्रल जेल भेज दिया गया है। इस बीच इसी तरह की कार्रवाई के लिए सात और लोगों के नाम कोर्ट में भेजे जाएंगे. ऐसा सांगाडे ने कहा है.

**■ असामाजिक कृत्य रोकने के लिए कार्रवाई**

अवैध शराब का निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध एमपीडीए एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। इन चारों को नियमानुसार समय-समय पर सूचित किया गया। उनसे शपथ पत्र भी लिया गया। हालाँकि, उनके आपराधिक व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। इसलिए, उन्हें असामाजिक कृत्य करने से रोकने के लिए एहतियात के तौर पर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई।

-**डॉ. नीलेश सांगाडे,** अधीक्षक, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग, ठाणे.

## SDO कार्यालय में कमलेश कम्मू दलाल का आतंक

■ **कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की शिकायत**



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर शहर में पिछले कई वर्षों से उपविभागीय कार्यालय एसडीओ में भ्रष्टाचार तथा नकली सनदों के मामले तो अब आम हो गए हैं। लेकिन इस भ्रष्टाचार और भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने का जो काम कर रहे हैं वो किसी के नजर में नहीं आ रहे हैं। सूत्रों से खबर मिली है कि एसडीओ कार्यालय में कमलेश अल्यास जयकुमार आसवानी नामक दलाल का इन दिनों आतंक एसडीओ कार्यालय में देखने को मिल रहा है। इस दलाल द्वारा नकली व फर्जी सनदों की हेरफेर की कई शिकायतें मिली है। ऐसा भी पता चला है कि शहर के भूमाफियाओं को नकली सनद बनाकर देना उसका प्रमुख काम है। उसने इस कार्य के लिए कई लोगों के साथ धोखाधड़ी भी की है। क्योंकि कम्मू शहरवासियों के सीधे काम नहीं करता केवल उल्टे ही काम करता है। सीधे काम करने वालों से पैसे ऐंठकर उन्हें दर-दर की ठोकरें खिलाने वाले कम्मू से सावधान रहने की अपील स्थानीय निवासी पूरन कुकरेजा ने शहरवासियों से की है। इस दलाल के खिलाफ जल्द ही पुलिस में शिकायत करने की बात कुकरेजा ने की है।

## अंबरनाथ डबल मर्डर में 3 गिरफ्तार

■ **पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाई**

■ **डंडों से मारकर की थी दोनों की हत्या**

■ **आरोपी 22 तक रिमांड पर**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के दुर्गा देवी पाड़ा इलाके में शुक्रवार की रात 2 दोस्तों सूरज मोहन परमार और सूरज कोरी की डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी. पुलिस ने इस मामले में 10 संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रही थी. रविवार को पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.


दुर्गापाड़ा में साईकृपा कालोनी में शिवमंदिर परिसर के प्रकाश नगर के निवासी सूरज मोहन परमार और सूरज कोरी का शव बरामद हुआ था. दोनों को लाठी-डंडे से पीट-पीट कर मारा गया था. बताया जाता है कि दोनों छोटी-मोटी चोरियां भी किया करते थे. पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए छाया अस्पताल भेज दिया था और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी. रविवार को पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए इस मामले में तीन आरोपियों चन्द्रशेखर बिराजदार, विठ्ठल बिराजदार और अजीत राठौड़ को गिरफ्तार किया है। आज जब उन्हें कोर्ट में पेश किया गया तो कोर्ट ने उन्हें 22 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। सूरज परमार और सूरज कोरी दोनों पर चोरी का मामला विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज है.

## भीड़ में युवक को मोबाइल उड़ाया

**उल्हासनगर.** हिललाइन पुलिस थाना अंतर्गत वसार गांव में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने डोंबिवली से आये युवक का मोबाइल किसी ने भीड़ का फायदा उठाकर चुरा लिया.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फिर्यादी भाविक विकास म्हात्रे (25) डोंबवली पश्चिम, कुंभारखांडपाड़ा में रहते हैं. शनिवार के वसार गांव, विठ्ठल मंदिर के पास, होली मैदान में चल रहे एक विवाह समारोह में शामिल होने आए हुए थे. यहां रात 9.30 बजे के करीब भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने उनकी जेब से मोबाइल चुरा लिया.

## अंबरनाथ में स्कूल के समक्ष खुलेआम चल रहा मटका जुआ, पुलिस अनभिज्ञ



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में जुआ मटका के अड्डे तो बंद हो चुके हैं, लेकिन अब ये जुआ मटका अड्डा चालक सड़कों पर, स्कूल के समक्ष एवं रेल की पटरियों से थोड़ी दूरी पर बैठ कर मटका जुए की चिट्ठियां लिख रहे हैं. गांव देवी मंदिर के पास टीवीएम स्कूल गेट के सामने मटके की चिट्ठियां लिखी जा रही हैं. सुबह से शाम तक यहां पर जुआ खेला जा रहा है. स्कूल में जाने वाले विद्यार्थी जुए का शिकार ना हो जाएं, इसका डर पालकों को लगा हुआ है. अंबरनाथ पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है. इसी तरह रेल की पटरियों से कुछ दूरी पर स्टेशन से करीब ही खुले में मटका जुआ धड़ल्ले से चल रहा है, जिसमें गरीब बरबाद हो रहा है. शहर पूर्व से भी ऐसी ही शिकायतें प्राप्त हो रही हैं. रविवार को छुट्टी होने के कारण ये मटका जुए का खेल बंद रहता है. पुलिस को इसकी जानकारी नहीं है, ऐसा हमें महसूस हो रहा है. इसलिए तो पुलिस से निडर होकर खुले में मटका जुआ चलाया जा रहा है. छुपे जुए के अड्डों को तलाश करके भी पुलिस को कार्रवाई करनी चाहिए, ऐसा शहर के नागरिकों का कहना है.

### दैनिक उल्हास विकास की खबर पर प्रतिक्रियाएं

## केबी सड़क पर खड़े निजी बस, हाथगाड़ी वालों पर पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं करती!

▸▸ **यूसुफ शेख**

**अंबरनाथ.** 'अंबरनाथ में लाल मिर्ची का पहाड़' इस शीर्षक से हमने समाचार प्रकाशित किया है. उस पर शहर के कई लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की हैं. इनमें से एक ने लिखा है कि - ये गरीब किसान हैं. सस्ते में मिर्ची बेच रहे हैं. जिसका शहरवासी लाभ उठा रहे हैं. ऐसी प्रतिक्रिया हमीद सय्यद ने व्यक्त की है.

हमने लिखा है कि केबी सड़क पर लाल मिर्च बेचे जाने के कारण यहां भीड़ हो रही है, जिसके कारण ट्रैफिक जाम हो रहा है और बड़ी सड़क दुर्घटना भी हो सकती है. इन मिर्ची विक्रेताओं को यहां से हटाकर किसी और स्थान पर ले जाने को कहने के लिए हमने एवं पुलिस विभाग ने कहा था. एक ने कहा है कि आपको ये भी लिखना चाहिए कि यहां पर एवं विमको नाका से बुवापाड़ा तक केबी सड़क पर स्कूल बस एवं निजी बस लाइन से अवैध तरीके से खड़ी रहती हैं, उन पर ट्रैफिक पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं करती. सी.एच. जाधव का कहना है कि तहसील कार्यालय के समक्ष केबी रोड पर ही कई हाथगाड़ी पर फल विक्रेता खड़े रहते हैं. नपा प्रशासन एवं पुलिस उन पर कार्रवाई क्यों नहीं करती है. ऐसी प्रतिक्रिया हमारे समाचार पत्र पर व्यक्त की जा रही है. हमारा मकसद किसानों के खिलाफ लिखना कतई नहीं है. इसी सड़क पर इसी जगह कई दुर्घटनाएं हुई हैं. फिर से दुर्घटना होकर किसी अपने की जान ना चली जाए इसलिए हमने मिर्ची विक्रेताओं के खिलाफ लिखा है. हमारी जानकारी के अनुसार मिर्ची विक्रेता मजदूर हैं. उनका मालिक दूर बैठकर धंधे पर नजर रखे हुए है.


उल्हास विकास

epaper.ulhasvikas.com
18 Feb 2024 - Page 1

**अंबरनाथ में सड़क पर लाल मिर्च का पहाड़**

■ कर्नाटक के किसानों ने बेचने के लिए लाई सैकड़ों क्विंटल मिर्च

■ हो रहा ट्रैफिक जाम

■ बड़ी दुर्घटना के आसार

▸▸उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के केबी मुख्य महामार्ग पर कर्नाटक से आए हुए किसानों ने 4 से 5 ट्रक भरकर सैकड़ों क्विंटल लाल सूखी मिर्च का पहाड़ लगाकर बेच रहे हैं. मिर्ची की खरीदारी के लिए सैकड़ों की भीड़ दो दिनों से लग रही है. रिक्शा चालक, दोपहिया वाहन चालक भी सड़क पर ही अपने वाहन खड़े करके मिर्ची खरीद रहे हैं. मिर्ची की सैकड़ों बोरियां भी कीबी सड़क के किनारे डीएमसी कंपनी पतरे की हदबंदी से लगाकर रखे गए हैं. खरीदारी के लिए भीड़, वाहनों की अवैध पार्किंग एवं बेचने के लिए ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही है और ये कोई बड़ी दुर्घटना का संकेत भी दे रहे हैं. अंबरनाथ पुलिस द्वारा इन किसानों से मिर्ची का पहाड़ उठा कर जाने के लिए कहा गया है. फिर भी शाम तक ये किसान सड़क पर ही अवैध रूप से कब्जा करके धंधा कर रहे हैं. पुलिस की भी ये लोग बात नहीं सुन रहे हैं. यहां के दुकानदारों ने भी उनको यहां से जाने के लिए कहा है क्योंकि मिर्ची की तेज सुगंध से उनको एवं सायनस वालों को बार-बार छींकें आ रही है. अंबरनाथ नपा प्रशासन ने उन पर कार्रवाई करनी चाहिए, ऐसा शहरवासी भी कह रहे हैं. लेकिन शनिवार, रविवार, सोमवार तीन दिन लगाता नपा की छुट्टी होने से क्या नपा उन पर जल्द कार्रवाई करेगी? ये भी एक बड़ा प्रश्न उठ खड़ा हुआ है. गत एक वर्ष में केबी सड़क पर कई दुर्घटनाएं होकर दर्जनों की मौत हो गई है.

## डॉ. श्रीकांत शिंदे 'संसद रत्न पुरस्कार' से सम्मानित




**उल्हासनगर.** कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को इस साल के संसद रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार समारोह दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में आयोजित किया गया। संसद रत्न पुरस्कार लोकसभा में प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। इस मौके पर सांसद शिंदे ने कहा कि यह संसद रत्न पुरस्कार प्राप्त करना बहुत खुशी की बात है और मैं यह पुरस्कार अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को समर्पित कर रहा हूं।

सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे 17वीं लोकसभा के पांच सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले सदस्यों में से एक बनकर उभरे हैं। 2019 से 2023 की अवधि के दौरान डॉ. श्रीकांत शिंदे ने 556 सवाल उठाए हैं. उन्होंने 67 बहसों में भाग लिया और 12 निजी विधेयक पेश किये। वर्ष 1999 में स्थापित एक गैर सरकारी संगठन प्राइम प्वाइंट फाउंडेशन को ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने संसद रत्न पुरस्कार को लेकर निर्देश दिये थे. डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के निर्देशानुसार 2010 से लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संसद रत्न पुरस्कार दिया जाता है।

शनिवार को दिल्ली के महाराष्ट्र सदन में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे को संसद रत्न से सम्मानित किया गया जबकि शिवसेना सांसद श्रीरंग अप्पा बारणे को संसद उत्कृष्ट महारत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## कलाकारों के लिए बनेगा वृद्धाश्रम

■ **भिवंडी, शाहपुर क्षेत्र में भूखंड की तलाश**



**कल्याण.** जीवन के अंतिम पड़ाव पर अकेले, बेघर, पारिवारिक जीवन से दूर रहने वाले कुछ रोगग्रस्त फिल्म और थिएटर अभिनेताओं को सक्षम और एक खुशहाल जीवन जीने के लिए भिवंडी, शाहपुर तालुका के पडघा पिसे, खरडी, बेलवड क्षेत्रों में राजस्व विभाग द्वारा भूमि की तलाश शुरू कर दी गई है.

एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि वृद्धाश्रम का निर्माण भौगोलिक परिस्थितियों जैसे मानसून में बाढ़ की स्थिति, तेज गति से यात्रा, चिकित्सा या अन्य काम के लिए मुंबई तक आसान पहुंच को ध्यान में रखकर किया जाएगा। पिछले तीन वर्षों के दौरान यह बात सामने आई है कि फिल्म और थिएटर के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले अभिनेताओं की अधिक उम्र में एकाकी जीवन जीते मृत्यु हो गई है। यह पता चला कि कुछ कलाकार हाशिये पर जीवन जी रहे थे क्योंकि उनके पास घर नहीं था। ऐसे कलाकार बुढ़ापे में भी संतोषपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकें, यह सोच कर राज्य सरकार शाहपुर, भिवंडी क्षेत्र में कलाकारों के लिए वृद्धाश्रम स्थापित करने का प्रयास कर रही है।

शाहपुर, भिवंडी शहर मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग, नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग से जुड़े हुए हैं, आटगांव, खरडी, आसनगांव से टिटवाला तक रेलवे स्टेशनों से जुड़े हुए हैं। इस क्षेत्र में कालू, उल्हास, भातसा नदियाँ मौजूद हैं। सरकार इस समग्र सोच के साथ वृद्धाश्रम बनाने की सोच रही है कि बरसात के दौरान वृद्धाश्रम बाढ़ से प्रभावित न हो। इसके लिए राजस्व अधिकारी परिसर का निरीक्षण कर रहे हैं. इस कार्य के लिए उद्योग विभाग ने भी पहल की है. ऐन मौके पर सरकार ने वृद्धाश्रम के लिए प्लॉट खरीदकर उसे निःशुल्क उपलब्ध कराने की तैयारी की है.

स्थान निर्धारित होने के बाद, प्रस्ताव तालुका राजस्व विभाग द्वारा जिला प्रशासन को प्रस्तुत किया जाएगा। उसके बाद, ठाणे कलेक्टर के आदेश के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा. उक्त जानकारी राजस्व विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर दी है.

## इको सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट व कचरा प्रबंधन की समझ आवश्यक -डॉ. दोंदे

■ **महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कार्यालय में बैठक**




**कल्याण.** महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य में प्रदूषित हो रही नदियों को प्रदूषण मुक्त, निर्मल, अविरल और पुनःजीवित करने के उद्देश्य से गठन किये गए उपक्रम 'चला जाणुया नदिला' के तहत महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल प्रादेशिक अधिकारी रा. आ. राजपूत के अध्यक्षता और जलनायक डॉ. स्नेहल दोंदे के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक के अंतर्गत कल्याण, डोम्बिवली, अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर, भिवंडी, टिटवाला शहरों में प्रदूषित हो रही उल्हास नदी, वालधुनी नदी, कामवारी नदी, प्रदूषित वायु, वातावरण, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और नदियों में रासायनिक युक्त पदार्थ, मलमूत्रादि, नदी तल पर अतिक्रमण इत्यादि से हो रहे जल प्रदूषण के संबंध में डॉ. स्नेहल दोंदे ने विस्तार से सभी उपस्तिथ लोगों को साइंटिफिक तौर-तरीके बताये।

सभी शहरों से निकल रहे हज़ारो टन कचरे का कैसे नियोजन किया जाए ऐसे काफी गंभीर विषयों पर कल्याण स्थित महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल, के कार्यालय में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण मंडल, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल, कल्याण डोम्बिवली महानगरपालिका, अंबरनाथ नगरपरिषद, कुलगांव बदलापुर नगरपरिषद, उल्हासनगर महानगरपालिका, भिवंडी निजामपुर महानरपालिका, इंडस्ट्रीज मैनुफैक्चरस एसोसिएशन और जलप्रहरियों की संयुक्त बैठक की गई. इस बैठक में प्रदूषण के खिलाफ काफी गंभीर प्रश्नों पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जलवायू प्रदूषण के खिलाफ नियंत्रण पाने के लिए सबके साथ और सहयोग से हर सम्भव व गंभीरता से कड़े प्रयास किये जाएँगे। माननीय सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के आदेशों और दिशा निर्देशो पर चर्चा करते हुए डॉ. स्नेहल दोंदे ने रिवर रेजुवेनशन कमेटी और 'चला जाणुया नदिला ' जी आर के अंतर्गत विभिन्न पहलुओं से नदी को स्वच्छ निर्मल कर सकते हैं और कार्य प्रणाली में विज्ञान के उपयोग से और एक्सपर्टस के मार्गदर्शन में काम करने की ज़रूरतों के विषय में बताया।

## उद्योगपति सुमित चक्रवर्ती के सैमसंग स्मार्ट प्लाझा इलेक्ट्रानिक शोरूम का उद्घाटन






उल्हासनगर. यूटीए अध्यक्ष व उद्योगपति सुमित चक्रवर्ती व आशिष बजाज द्वारा शनिवार को कैम्प-3, केबी रोड स्थित टिल्सन मार्केट में अपने नए सैमसंग स्मार्ट प्लाझा नामक इलेक्ट्रानिक वस्तूओं के शोरूम का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर साई कालीरामजी व साई छोटूरामजी सहित शहर के अन्य कई संतों ने पहुँचकर सुमित चक्रवर्ती और आशिष बजाज को आशीर्वाद दिया.

साथ ही उक्त अवसर पर शहर के कई मान्यवरों के साथ-साथ सिटी प्रेस क्लब से हीरो बोधा, मनिष नारा, टोनी लालवानी व किशोर पिंजानी ने भी सुमित चक्रवर्ती और आशिष बजाज को शुभकामनाएँ दीं.

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## कम उम्र के बच्चों के भीतर हिंसा

पिछले कुछ समय से बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति को लेकर लगातार चिंता जताई जा रही है। ऐसे भी मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें कम उम्र के बच्चे भी अपने सहपाठियों और यहां तक कि शिक्षकों पर जानलेवा हमला कर दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के नोएडा में दो नाबालिग लड़कों ने जिस तरह एक स्कूल के अध्यापक को गोली मार दी, उससे यही पता चलता है कि समाज और व्यवस्था के स्तर पर एक गंभीर विकृति अपने पांव जमा रही है।

खबरों के मुताबिक साकीपुर गांव में स्कूल से थोड़ी दूर पर हुई घटना में गनीमत बस यह रही किसी तरह शिक्षक की जान बच गई। वरना हमले की प्रकृति को देखते हुए कहा जा सकता है कि आरोपी छात्रों का मकसद शिक्षक की हत्या करना रहा होगा! सवाल है कि इतने उम्र में बच्चे किसी मामूली बात पर हत्या करने जैसे अपराध करने पर क्यों उतर जा रहे हैं! इस घटना को कुछ बिगड़े हुए नाबालिग बच्चों की करतूत मान कर गुजर जाने दिया जा सकता है, मगर नाबालिग और कम उम्र के बच्चों के भीतर आक्रामकता और हिंसा के सहारे अपनी मंशा पूरी करने की बढ़ती प्रवृत्ति न सिर्फ ऐसे बच्चों की जिंदगी बर्बाद कर रही है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए भी चिंतित होने का विषय है।

अव्वल तो शिक्षक पर हमला करने वाले नाबालिग छात्रों के भीतर एक जघन्य स्तर के अपराध को अंजाम देने की बात क्यों आई! फिर इतनी कम उम्र के बच्चों के पास बंदूक जैसा जानलेवा हथियार कहां से आया? जाहिर है, हमलावर बच्चे ऐसे लोगों के दायरे या संपर्क में अपना वक्त गुजार रहे होंगे, जिनके लिए अपराध एक सामान्य बात है। ऐसे बच्चों के अभिभावकों और उन्हें जानने वाले आस-पड़ोस के लोगों के लिए बच्चों की रोजमर्रा की संगति और गतिविधियां अनदेखी करने लायक क्यों होनी चाहिए?

इसके अलावा, कानून-व्यवस्था का आलम ऐसा क्यों है कि किसी पर जानलेवा हमला करने वाले लोगों या बच्चों के भीतर पुलिस की कार्रवाई का खौफ काम नहीं करता? अगर समाज के ढांचे में पलती विकृतियों और बच्चों के भीतर बढ़ती आपराधिक हिंसक प्रवृत्ति को लेकर सरकार और आम लोग गंभीर नहीं हुए तो इस तरह के बच्चों की जिंदगी की दिशा सबके लिए जटिल हालात पैदा कर दे सकती है।

# बंगाल में सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता संदेशखाली

लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में संदेशखाली सबसे बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनता जा रहा है। उत्तर 24-परगना जिले में बांग्लादेश की सीमा के करीब बसे इस गांव की महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस नेताओं के कथित यौन उत्पीड़न और अत्याचारों के खिलाफ जो आंदोलन शुरू किया था उसकी आंच तो अब काफी हद तक धीमी पड़ने लगी है। लेकिन इस मुद्दे पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी दलों के बीच छिड़ा घमासान लगातार तेज हो रहा है। अब यह मुद्दा धीरे-धीरे राज्य बनाम केंद्र में भी बदलने लगा है।

बीते सप्ताह महिलाओं का आंदोलन शुरू होने के बाद भाजपा, कांग्रेस और माकपा के तमाम प्रतिनिधिमंडल इलाके में पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उनको बीच रास्ते में ही रोक दिया जा रहा है। वैसे, अनुसूचित जाति आयोग, महिला आयोग और बाल संरक्षण आयोग के अलावा राज्य सरकार की एक 10-सदस्यीय टीम लगातार इलाके का दौरा कर रही है। शायद ही कोई ऐसा दिन बीत रहा है जब कोई न कोई आयोग या जांच टीम गांव के दौरे पर नहीं हो।

शुक्रवार को पुलिस ने भाजपा सांसदों की एक केंद्रीय टीम को भी इलाके तक नहीं पहुंचने दिया। यह इलाका कालिंदी नदी के किनारे बसा है। गांव तक पहुंचने के लिए नदी पार करना ही एकमात्र उपाय है। लेकिन रास्ते में 19 जगह धारा 144 लागू है और सड़कों पर बैरिकेड लगा दिए गए हैं।

दूसरी ओर, इस मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा हो चुका है। इसके बाद विपक्ष के नेता शुभेंदु




अधिकारी समेत भाजपा के छह विधायकों को इस सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। लेकिन बवाल थमने की बजाय तेज ही हो रहा है। इस महीने के आखिर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कोलकाता के दौरे पर आएंगे। इसके बाद मार्च पहले सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगाल दौरे की कोशिशें चल रही हैं।

पार्टी के नेता उत्तर 24-परगना जिला मुख्यालय में उकी एक सभा आयोजित कर बड़े पैमाने पर संदेशखाली में महिलाओं पर कथित अत्याचारों का मुद्दा उठाने की कवायद में जुटे हैं। उधर, लोकसभा की प्रिविलेज कमेटी ने भी मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक समेत तीन अधिकारियों को अपने समक्ष हाजिर होने का समन भेजा है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम पहले ही इलाके का दौरा कर चुकी है। लेकिन अब वह दोबारा गांव के दौरे पर आने वाली है। इस बार टीम के सदस्य मुख्य सचिव और पुसि महानिदेशक से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रीय जनजाति आयोग की टीम ने तो इलाके के दौरे के बाद दिल्ली लौट कर राष्ट्रपति को सौंपी अपनी रिपोर्ट में राज्य में धारा 356 का इस्तेमाल करने की सिफारिश की है।

यह पूरा मामला बीते महीने राशन घोटाले के सिलसिले में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के घर ईडी के छापे से शुरू हुआ था। तब कथित पार्टी समर्थकों के हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। शाहजहां उसी दिन से फरार है। उसके जिन दो शार्गिदों पर यौन उत्पीड़न और जमीन पर जबरन कब्जे के आरोप लगे हैं उनमें से एक उत्तम सर्दार को तो गिरफ्तारी के बाद पार्टी से निलंबित किया गया है। लेकिन दूसरा शिव प्रसाद हाजरा भूमिगत है।

स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों— शिव प्रसाद उर्फ शिबू हाजरा और उत्तम सर्दार पर स्थानीय लोगों की जमीन जबरन हड़पने और महिलाओं के साथ अत्याचार और बलात्कार जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। अपनी मांग के समर्थन में महिलाएं लगातार प्रदर्शन कर रही हैं। सरकार की ओर से गठित 10-सदस्यीय जांच समिति ने भी गांव का दौरा कर महिलाओं से बातचीत की है। बारासात रेंज के डीआईजी सुमित कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि अब तक मिली चार शिकायतों में से किसी में रेप का कोई आरोप नहीं हैं। अब तक ऐसी कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने भरोसा दिया कि ऐसी कोई शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं के कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के साथ ही महिलाओं का आंदोलन अब राजनीतिक मुद्दा बन गया है। तमाम विपक्षी दलों ने इसके लिए सत्तारूढ़ पार्टी को कठघरे में खड़ा करते हुए संदेशखाली अभियान शुरू किया है। लेकिन किसी को भी इलाके में नहीं जाने दिया गया है।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रभु खुशी और आनंद के महासागर हैं।


- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# विपक्ष को स्मार्ट होने की जरूरत

यह चुनावों से पहले का वह मौसम है, जब राजनेता अंतिम क्षण की लामबंदी के अनुसार अर्थव्यवस्था को आगे रख दावों एवं विवादों पर तीखी बयानबाजी शुरू करते हैं। जहां तक अर्थव्यवस्था की बात है, तो वास्तविकता का रंग न तो श्वेत, न काला, बल्कि भूरा ज्यादा दिखता है। इस हफ्ते की शुरुआत तीन दक्षिणी राज्यों के मुख्यमंत्रियों द्वारा केंद्र द्वारा धन हस्तांतरण में भेदभाव किए जाने के विरोध में एकजुट होने से हुई, जो पहले ही केंद्रीय उपकरों एवं बढ़ते अधिभारों से त्रस्त हैं, जिन्हें राज्यों के साथ साझा भी नहीं किया जाता है। केंद्र सरकार ने तुरंत उनके दावों की निंदा की और इसे देश को बांटने की कोशिश का हिस्सा बताया। दरअसल, जो राज्य अपनी अर्थव्यवस्था का बेहतर ढंग से प्रदर्शन करते हैं, उन्हें एकत्रित संसाधनों का एक छोटा हिस्सा मिलता है। उदाहरण के लिए, करों में प्रत्येक रुपये के योगदान के लिए कर्नाटक को 15 पैसे और तमिलनाडु को 29 पैसे वापस मिलते हैं, जबकि बिहार को 7.06 रुपये और उत्तर प्रदेश को 2.73 रुपये मिलते हैं। जाहिर है कि यदि भाजपा डबल इंजन सरकार का चुनावी प्रलोभन दे रही है, तो विपक्ष भी करों के बंटवारे को भेदभाव के साधन के रूप में प्रस्तुत करने से चूकने वाला नहीं है। उल्लेखनीय है कि




हस्तांतरण में फर्क हस्तांतरण के फॉर्मूले के कारण होता है, जिसका आधार यह है कि जो राज्य जितना गरीब और अधिक आबादी वाला होगा, उसे उतना ही अधिक धन मिलेगा।

यह सच है कि आजादी के बाद से भारत का विकास मंत्र यह रहा है कि कम समृद्ध राज्यों को विकास के लिए संसाधनों का अधिक हिस्सा दिया जाए। उदाहरण के लिए, बिहार और उत्तर प्रदेश सबसे अधिक आबादी वाले राज्य हैं, जहां प्रति व्यक्ति आय सबसे कम क्रमशः 54,111 रुपये और 83,565 रुपये है और वे अतिरिक्त सहायता के हकदार भी हैं। यह भी उतना ही सच है कि नई सहस्राब्दी में किसी भी व्यवस्था को बढ़ावा देने और हतोत्साहित करने के बीच तालमेल के लिए विकसित होना चाहिए। ऐसे में, बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों की नाराजगी समझी जा सकती है। सवाल यह है कि क्या वैसे राज्य जो बेहतर प्रदर्शन का चक्र बनाए रखते हैं, उन्हें कोई इनाम दिया जा रहा है?, क्या यह फॉर्मूला उस राज्य को किसी तरह से पुरस्कृत करने वाला है, जिसने निवेश के लिए माहौल में सुधार किया है और रोजगार को बढ़ाया है। जाहिर है कि यह बिल्कुल सही समय है, जब करों के बंटवारे के फॉर्मूले पर एक बार फिर विचार किया जाए।

इस पूरे हफ्ते अर्थशास्त्र पर राजनीति चलती रही। सरकार ने यूपीए सरकार की कई विफलताओं को सूचीबद्ध करते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था पर 59 पृष्ठों का एक श्वेत पत्र जारी किया, जिसका केंद्रीय विषय फिजूलखर्ची और भ्रष्टाचार हैं। और इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि कैसे इस सरकार ने अर्थव्यवस्था को नाजुक स्थिति से मजबूती तक पहुंचाया और अमृत काल का मार्ग प्रशस्त किया। कांग्रेस ने भी बगैर देरी किए 'दस साल अन्याय काल' शीर्षक से 54 पृष्ठों का एक काला पत्र जारी करके इसका प्रतिकार किया। सरकार के पास गर्व करने लायक बहुत कुछ है-डिजिटल और भौतिक अवसंरचनाओं को बढ़ावा देने से लेकर राजकोषीय अनुशासन और सुर्खियों में रहने वाले 7.3 फीसदी के सकल घरेलू उत्पाद विकास अनुमान तक। लेकिन जीवनयापन की लागत और आजीविका के मुद्दों से निपटने के लिए इसे संघर्ष करना पड़ा है। लगभग सभी जनमत सर्वेक्षणों में लोगों ने मुद्रास्फीति और बेरोजगारी को अपनी भलाई और भविष्य को प्रभावित करने वाले गंभीर मुद्दों के रूप में रेखांकित किया है।


# कबाड़ से जुगाड़! आनंद महिंद्रा को भा गई यह 'कोठी'

उद्योगपति आनंद महिंद्रा सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं. वह X पर अपने 11 मिलियन फॉलोअर्स के लिए नियमित रूप से ट्रेंडिंग टॉपिक्स

**जरा हट के**

और आकर्षक कहानियों के बारे में पोस्ट करते रहते हैं. शनिवार को उन्होंने एक ऐसे शख्स का दिलचस्प वीडियो शेयर किया, जिसने एक कमर्शियल प्लेन को विला में बदल दिया.


रूसी उद्यमी फेलिक्स डेमिन के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति ने एक भंगार बोइंग 737 एयरलाइनर को एक



लक्जरी प्राइवेट विला में बदल दिया, जिसमें दो बेडरूम, हिंद महासागर के दृश्यों वाला एक अनंत पूल और एक छत है. यह अनूठी संपत्ति इंडोनेशिया के बाली में मंत्रमुग्ध कर देने वाली न्यांग न्यांग चट्टानों के ऊपर स्थित है.

आनंद महिंद्र ने X पर लिखा 'कुछ लोग इतने भाग्यशाली होते हैं कि वे अपनी कल्पनाओं को वास्तविकता में बदलने में सक्षम होते हैं. और यह व्यक्ति अपनी कल्पना पर कोई रोक नहीं लगाता है! मैं यह पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं कि क्या मुझे कभी यहां ठहरने की बुकिंग में दिलचस्पी होगी या नहीं, लेकिन अनुभव के बाद मैं जेट लैग को लेकर थोड़ा चिंतित हूं.' वीडियो में डेमिन ने विमान से बने विला का वर्चुअल दौरा कराया.

CNN की रिपोर्ट के अनुसार विशेष रूप से, सेवानिवृत्त बोइंग 737 को डेमिन ने साल 2021 में खरीदा था. इसके बाद इसे दूरस्थ स्थान पर ले गया था. इसे तैयार कर उन्होंने साल 2023 में सबके लिए खोल दिया और जल्द ही यह दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित लक्जरी रिट्रीट में अपनी जगह बना ली थी. X यूजर इस अनोखे विला से रोमांचित थे, और कई ने कहा कि उन्हें इसमें रहने का अवसर पसंद आएगा. गौरतलब है कि यह प्राइवेट जेट विला किराए पर भी उपलब्ध है.




# पालक कॉर्न खिचड़ी

**सामग्री :**

- 250 ग्राम बारीक कटा पालक
- 1 कप बासमती चावल
- 1/2 चम्मच विभाजित पीली मूंग दाल
- 2 कप स्वीट कॉर्न
- हल्दी पाउडर
- नमक
- 2 ½ चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट
- 2 बारीक कटी प्याज
- एक बड़ा बारीक कटा टमाटर
- मिर्च पाउडर
- गरम मसाला
- धनिया पाउडर
- दालचीनी स्टिक
- 1 लौंग
- 2 इलायची
- 2 बड़े चम्मच जीरा पाउडर
- 5-6 करी पत्ते
- 5-6 बारीक कटे लहसुन
- 2-3 बारीक कटी हरी मिर्च

**विधि :**

सबसे पहले एक बाउल में चावल और दाल को 30 मिनट के लिए भिगो दें। फिर इसे अच्छे से छान लें और एक तरफ रख दें। अब एक प्रेशर कुकर लें और उसमें छाने हुए चावल और दाल, हल्दी पाउडर, नमक, कप स्वीटकॉर्न और 2 कप पानी डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं। फिर इस मिश्रण को 15 मिनट या तीन सीटी आने तक प्रेशर कुक करें। इस बीच, चार बड़े चम्मच पानी के साथ मिक्सर में मिलाकर पालक की प्यूरी तैयार करें। इसे स्मूद होने तक ब्लेंड करें। अब एक नॉन-स्टिक पैन में चार बड़े चम्मच घी या अपनी पसंद का कोई भी तेल गर्म करें और इसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। उसी पैन में कटा हुआ प्याज और टमाटर डालें और पकाएं मध्यम आंच पर तीन मिनट तक या जब तक इसका कच्चापन खत्म न हो जाए। अब इसमें स्वीट कॉर्न डालें। इसके बाद, पालक की प्यूरी के साथ अन्य मसाले जैसे मिर्च पाउडर, गरम मसाला और धनिया पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं। फिर प्रेशर कुकर की भाप निकलने के बाद, पका हुआ मकई डालें। नमक और 2 कप पानी के साथ दाल-चावल का मिश्रण डालें और बीच-बीच में चलाते रहें। दूसरे पैन में, अपनी पसंद का एक बड़ा चम्मच घी या तेल लें और बाकी मसाले जैसे लौंग, जीरा पाउडर, इलायची, दालचीनी और करी पत्ता डालें। कटा हुआ लहसुन और हरी मिर्च डालने से पहले अच्छी तरह मिला लें। इस मिश्रण को गर्मागर्म पालक कॉर्न खिचड़ी में डालकर अच्छी तरह मिला लें। अब इसे गरमागरम सर्व करें।



# इस सप्ताह के व्रत एवं त्यौहार

इस सप्ताह में बुध का शनि की राशि कुंभ में गोचर होने वाला है. वहीं माघ गुप्त नवरात्रि का समापन पारण के साथ होगा. लोगों को उनको पापों से मुक्ति दिलाकर मोक्ष प्रदान करने वाली जया एकादशी भी इस सप्ताह में आने वाली है. भगवान विष्णु के व्रत के बाद शिव पूजा के लिए समर्पित प्रदोष व्रत रखा जाएगा. इस सप्ताह में माघ माह का समापन पूर्णिमा के दिन होगा. माघ पूर्णिमा का व्रत और माघ पूर्णिमा का स्नान-दान अलग अलग दिन है. श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. मृत्युञ्जय तिवारी बता रहे हैं कि नए सप्ताह में जया एकादशी, बुध प्रदोष, माघ पूर्णिमा व्रत, माघ पूर्णिमा का स्नान और दान कब है?

### ■ 20 फरवरी, दिन मंगलवार

**जया एकादशी 2024:**

माघ शुक्ल एकादशी तिथि को जया एकादशी का व्रत रखा जाता है. जया एकादशी व्रत रखकर विष्णु पूजा करने से पाप मिटेंगे और मोक्ष मिलेगा. एकादशी तिथि 19 फरवरी को सुबह 08:40 से 20 फरवरी मंगलवार को सुबह 09:55 बजे तक है. पूजा पाठ आप सूर्योदय के बाद से कर सकते हैं. उस दिन रवि योग 06:56 एएम से 12:13 पीएम तक है. व्रत पारण का समय 21 फरवरी को 06:55 एएम से 09:11 एएम तक है.

**बुध गोचर 2024**

ग्रहों के राजकुमार बुध का गोचर कुंभ राशि में 20 फरवरी को होगा. उस दिन सुबह 06 बजकर 07 मिनट पर बुध कुंभ राशि में प्रवेश करेंगे. वे 7 मार्च को सुबह 09 बजकर 40 मिनट तक कुंभ में ही रहेंगे. बुध का कुंभ में गोचर सभी राशियों पर प्रभाव डालेगा. लोगों के करियर और बिजनस पर असर होगा.

### ■ 21 फरवरी, दिन बुधवार

**बुध प्रदोष व्रत**

बुध प्रदोष व्रतः यह माघ माह और फरवरी का अंतिम प्रदोष व्रत है. 21 फरवरी को बुध प्रदोष व्रत की पूजा का शुभ समय शाम 06:15 पीएम से रात 08:47 बजे तक है. माघ शुक्ल त्रयोदशी तिथि 21 फरवरी को 11:27 एएम से 22 फरवरी को दोपहर 01:21 पीएम तक है.

### ■ 23 फरवरी, दिन शुक्रवार

**माघ पूर्णिमा व्रत**

माघ पूर्णिमा व्रत के लिए पूर्णिमा तिथि 23 फरवरी को दोपहर 03:33 पीएम से 24 फरवरी को शाम 05:59 पीएम तक है. माघ पूर्णिमा व्रत के लिए पूर्णिमा तिथि में चंद्रमा की पूजा करना जरूरी है. व्रत रखकर रात में चंद्रमा की पूजा करते हैं और अर्घ्य देते हैं. माघ पूर्णिमा का चंद्रोदय शाम 05:17 पीएम पर होगा. पूर्णिमा व्रत के दिन रवि योग 06:53 एएम से शाम 07:25 पीएम तक है.

### ■ 24 फरवरी, दिन शनिवार

**माघ पूर्णिमा का स्नान और दान**

माघ पूर्णिमा का स्नान और दान 24 फरवरी को होगा. उस दिन आप ब्रह्म मुहूर्त से ही माघ पूर्णिमा का स्नान और दान कर सकते हैं. ब्रह्म मुहूर्त का समय 05:11 एएम से 06:02 एएम तक है. माघ पूर्णिमा का स्नान और दान करने से पुण्य मिलता है, पाप मिटते हैं.

## आज का राशिफल

**मेष** : पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। नए विचार दिमाग में आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा।

**वृषभ** : दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। दूसरे आपसे अधिक की अपेक्षा करेंगे व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**मिथुन** : प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। लाभ होगा।

**कर्क** : दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा। प्रसन्नता तथा उत्साह बने रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। आलस्य हावी रहेगा। विवेक का प्रयोग करें।

**सिंह** : अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में अधिकार वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेश मनोनकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। कार्य के प्रति चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कन्या** : धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। किसी भी अपरिचित व्यक्ति की बातों में न आएं। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। विवाद से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। पुराना रोग उभर सकता है।

**तुला** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**वृश्चिक** : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। थकान रहेगी।

**धनु** : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़े काम की रुकावट दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

**मकर** : यात्रा में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। हंसी-मजाक में हल्कापन न हो, ध्यान रखें। कीमती वस्तुएं इधर-उधर हो सकती हैं, संभालकर रखें। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कुंभ** : धनहानि की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। व्यापार व व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। स्थिति अनुकूल बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** : स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। जीवन सुखमय व्यतीत होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य में राहत मिलेगी। चिंता दूर होगी। नौकरी में रुतबा बढ़ेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# घर का फर्श साफ करने के टिप्स और ट्रिक्स

अब आपके घर का चाहे पत्थर का फर्श हो, टाइल्स का या फिर लकड़ी की फ्लोरिंग हो, इन सब को साफ करने का अपना एक तरीका होता है. आइए आपको बताते हैं गंदे फर्श को साफ करने की कुछ बेहद आसान और कारगर टप्सि और ट्रक्सि.

### हर तरह के फर्श की सफाई

सबसे पहले अगर हम हर दनि की सामान्य सफाई की बात करें तो आपको फर्श की तीन स्टैप में सफाई करनी चाहिए. वो हैं- झाड़ू, वैक्यूम और पौंछा लगाना. हर तरह के फर्श में झाड़ू लगाना सबसे अच्छा सफाई का तरीका है. इसके साथ ही समय-समय पर डस्टगिं करना भी बहुत जरूरी है ताकि कीड़े या कीटाणू न रहें. फर्श की सूखी सफाई के बाद जरूरी है इसकी गीली सफाई यानी पौंधा लगाना.

### कैसे करें अपने पत्थर और टाइल के फर्श की सफाई

अगर आपके फर्श पर कोई दाग या धब्बा है तो सरिका आपके काफी काम आ सकता है. आप अपने पौंधे के पानी में 1 चम्मच सरिका डालें. सरिका एसिडकि होता है जो दाग-धब्बों को मटिने



में कारगर साबित होगा. अगर धब्बा ज्यादा पुराना है तो सीधे दाग पर भी सरिका छड़िक सकते हैं.

नींबू और नमक आपके सेहत के साथ-साथ आपके फर्श की सेहत के लिए भी काम का साबति होगा. पोंछा लगाते समय पानी में नींबू और नमक डालें. इससे फर्श ज्यादा साफ होगा.

बेकिंग सोड़ा एक ऐसी चीज है जो कई चीजों को चमकाने में काम आता है. आप आधा चम्मच बेकिंग सोडा पौंछे के पानी में डालें. इससे फर्श काफी चमकरदार होगा. ध्यान रखें, ज्यादा बेकिंग सोडा न डालें. बेकिंग सोडा इतने कमाल की चीज है कि ये फर्श पर चाय या कॉफी के धब्बों को भी हटा देता है.

इन सारे ट्रक्सि के साथ इस बात का भी ध्यान रखें कि अब पुरानी बनियान या टीशर्ट का पौंछा न बनाएं. आप अपने फ्लोर को चमकरदार बनाना चाहते हैं तो माइक्रोफाइबर फ्लोर मॉब का इस्तेमाल करें.

# पोषक तत्वों का खजाना है नारियल पानी

बॉडी को हाइड्रेटेड रखने के लिए बहुत बहुत लोग नारियल पानी पीना पसंद करते हैं. मगर क्या आप जानते हैं कि नारियल का पानी न्यूट्रिएंट्स का बेहतरीन सोर्स है. ये ना सिर्फ शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करता है. बल्कि नारियल पानी पीने से कई बीमारियां भी कोसों दूर रहती हैं. तो आइए हेल्थलाइन के मुताबिक, जानते हैं, कोकोनट वॉटर के कुछ अमेजिंग हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में.

**पोषक तत्वों का खजानाः** नारियल के पानी में कई तरह के मिनरल्स मौजूद रहते हैं. वहीं इसे कार्बोहाइड्रेट, शुगर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉसफोरस और पोटैशियम का बेस्ट सोर्स माना जाता है. वहीं इसमें फैट की मात्रा काफी कम होती है. ऐसे में कोकोनट वॉटर को आप अपनी सेहत का राज बना सकते हैं.

**एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूरः** शरीर में मौजूद फ्री रेडिकल्स ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को जन्म देते हैं. जो ना सिर्फ कई सेल्स को डैमेज करते हैं बल्कि बीमारियों का खतरा भी बढ़ा सकते हैं. ऐसे में नारियल के पानी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट तत्व फ्री रेडिकल्स से लड़कर बीमारियों को दूर रखने में मददगार होते हैं.

**डायबिटीज में मददगारः** कोकोनट वॉटर पीने से शरीर का ब्लड शुगर लेवल भी कम होता है. जिससे आपको डायबिटीज की बीमारी का खतरा नहीं रहता है. वहीं नारियल का पानी शरीर में इंसुलिन को बढ़ावा देता है. जिसके चलते टाइप 2 डायबिटीज के रोगी भी नारियल पानी का सेवन कर सकते हैं.

**किडनी स्टोन से बचावः** अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण कई लोगों की किडनी में पथरी की समस्या देखने को मिलती है. ऐसे में नारियल पानी पीने से किडनी स्टोन होने की संभावना भी कम हो जाती है. नारियल का पानी यूरीन में क्रिसटल पनपने से रोकता है. जिससे किडनी स्टोन से बचा जा सकता है.

**दिल रहेगा हेल्दीः** दिल को बीमारी से दूर रखने के लिए भी कोकोनट वॉटर का सेवन बेस्ट होता है. नारियल का पानी फैट और कोलेस्ट्रोल कंट्रोल करने का बेहतरीन नुस्खा है. वहीं इससे ब्लड प्रेशर भी कम रहता है. जिसके चलते हार्ट अच्छी तरह से फंक्शन करता है और दिल की बीमारी होने का खतरा नहीं रहता है.

**एक्सरसाइज के बाद होगा फायदेमंदः** डेली एक्सरसाइज करने के बाद नारियल के पानी का सेवन काफी फायदेमंद होता है. इसमें मौजूद मैग्नीशियम, सोडियम और कैल्शिम नामक तत्व इलेक्ट्रोलाइट्स पैदा करते हैं. जिससे आप फिट और एक्टिव



महसूस करते हैं.

**हाइड्रेशन का बेस्ट सोर्सः** नारियल का पानी शरीर को हाइड्रेट रखने में भी मदद करता है. जिससे आप डिहाइड्रेशन का शिकार नहीं होते हैं. ऐसे में हर रोज नेचुरल और हरे नारियल का पानी पीकर आप खुद को हेल्दी रख सकते हैं. मगर ध्यान रहे कि मार्किट में मिलने वाले पैक और एडेड शुगर वाले कोकोनट वॉटर सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं. ऐसे में हमेशा फ्रेश कोकोनट वॉटर पीना बेस्ट होता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# सत्ताभोग के लिए नहीं मांग रहा बीजेपी का तीसरा कार्यकाल, अभी बहुत फैसले बाकी; बोले PM मोदी

**नई दिल्ली.** नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है, लेकिन अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नया उमंग, नया उत्साह, नया विश्वास, नए जोश के साथ काम करने का है। पीएम मोदी ने कहा कि आज विपक्ष के नेता भी NDA सरकार 400 पार के नारे लगा रहे है। NDA को 400 पार कराने के लिए भाजपा को 370 का मील का पत्थर पार करना ही होगा। उन्होंने कहा कि हम राजनीति के लिए नहीं राष्ट्रनीति के लिए निकले हैं।




प्रधानमंत्री ने कहा, 'पूरा देश मानता है कि हमने देश को महाघोटालों और आतंकी हमलों के खौफ से मुक्ति दिलाई है। हमने गरीब और मध्यम वर्ग का जीवन बेहतर करने का प्रयास किया है।' उन्होंने कहा कि हम बीजेपी के लिए तीसरा कार्यकाल सत्ताभोग के लिए नहीं मांग रहे हैं। उन्होंने बताया कि अगले 5 साल में भारत को पहले से भी कई गुना तेजी से काम करना है। अगले 5 साल में हमे विकसित भारत की तरफ एक लंबी छलांग लगानी है।

पीएम मोदी ने कहा, 'भारत ने आज हर क्षेत्र में जो ऊंचाई हासिल की है, उसने हर देशवासी को एक बड़े संकल्प के साथ जोड़ दिया है। ये संकल्प है विकसित भारत का। अब देश न छोटे सपनें देख सकता है और न ही छोटे संकल्प ले सकता। सपनें भी विराट होंगे और संकल्प भी विराट होंगे। ये हमारा सपना भी है और संकल्प भी है कि हमे भारत को विकसित बनाना है।'

पीएम मोदी ने कहा कि हम तो छत्रपति शिवाजी को मानने वाले लोग हैं। जब छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ तो उन्होंने ये नहीं किया कि सत्ता मिल गई तो चलो उसका आनंद लो। उन्होंने अपना मिशन जारी रखा। उन्होंने कहा, 'ऐसे ही मैं अपने सुख-वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं अपने सुख वैभव के लिए जीने वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं बीजेपी सरकार का तीसरा टर्म, सत्ता भोग के लिए नहीं मांग रहा हूं। मैं राष्ट्र का संकल्प लेकर निकला हुआ व्यक्ति हूं।'

### 15 हजार महिला SHG को मिलेंगे ड्रोनः मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भाजपा युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान की शक्ति को विकसित भारत के निर्माण की शक्ति बना रही है। हमने सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय की भावना से हर व्यवस्था को पुरानी सोच और अप्रोच से बाहर निकाला है। जिनको किसी ने नहीं पूछा, हमने उन्हें पूछा है, इतना ही नहीं हमने उसको पूजा है। उन्होंने कहा, 'आने वाले समय में हमारी माताओं-बहनों-बेटियों के लिए अवसर ही अवसर आने वाले हैं। मिशन शक्ति से देश में नारीशक्ति की सुरक्षा और सशक्तिकरण का संपूर्ण इकोसिस्टम बनेगा। 15 हजार महिला SHG को ड्रोन मिलेंगे। अब ड्रोन दीदी खेती में वैज्ञानिकता और आधुनिकता लाएंगी। अब देश में 3 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनाई जाएगी।'

### तीसरे टर्म में भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का संकल्प

नरेंद्र मोदी ने कहा, 'विपक्षी दल भले ही योजनाओं को पूरा करना ना जानते हो लेकिन झूठे वादे करने में इनका कोई जवाब नहीं रहा है। हमारा वादा है विकसित भारत का। इन लोगों ने स्वीकार कर लिया है कि ये लोग भारत को विकसित नहीं बना सकते, सिर्फ भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसने इसका सपना देखा है। हमने तीसरे टर्म में भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का संकल्प लिया है और यह मोदी की गारंटी है।' उन्होंने कहा कि युवा ऊर्जा से भरा हुआ भारत आज अपने लिए लक्ष्य कर रहा है और जो लक्ष्य तय करता है वह उसे प्राप्त भी करता है। हम 2029 में भारत में यूथ ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं, 2036 में भारत ओलम्पिक खेलों की मेजबानी करे इसके लिए काम कर रहे हैं।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए अब चुनाव जरूरी नहीं

- पद खाली होने पर पार्लियामेंट्री बोर्ड नियुक्ति कर सकेगा
- राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली.** दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव पास हुआ है। इसके मुताबिक पद खाली होने पर पार्लियामेंट्री बोर्ड अध्यक्ष की नियुक्ति कर सकेगा।

इस प्रस्ताव के पास होने के साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाने पर भी मुहर लगा दी गई है। जेपी नड्डा जून 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। इसके बाद 20 जनवरी 2020 को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए।



भाजपा के इतिहास में आज तक चुनाव की नौबत नहीं आई है। इसी को बीजेपी आंतरिक लोकतंत्र का नाम देती है। यानी किसी एक नाम पर आम सहमति बन जाती है। इसे बहुमत का फैसला भी कहा जाता है।

राजनाथ सिंह जब पार्टी अध्यक्ष थे, तब माना जा रहा था कि नितिन गडकरी को दूसरी बार अध्यक्ष पद मिलने वाला है। इसके लिए भाजपा ने अपने संविधान में संशोधन भी किया था। उस समय यशवंत सिन्हा भी अध्यक्ष पद का नामांकन भरने वाले थे, लेकिन उन्हें मना लिया गया था और चुनाव की नौबत नहीं आई थी।

### बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल बढ़ा



आगामी लोकसभा चुनाव से पहले बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून, 2024 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। दिल्ली में आयोजित बीजेपी की राष्ट्रीय परिषद ने इस प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी। हालांकि, नड्डा का कार्यकाल बढ़ाए जाने का ऐलान पिछले महीने ही कर दिया गया था। इसके अलावा, जेपी नड्डा को पार्टी से संबंधित स्वतंत्र रूप से महत्वपूर्ण फैसले लेने का अधिकार दिया गया है, जिसे बाद में संसदीय बोर्ड अप्रूवल लेना होगा।

साल 2019 में जेपी नड्डा को बीजेपी का वर्किंग प्रेसिडेंट बनाया गया था। इसके बाद 2020 में उन्होंने पूर्णकालिक पार्टी अध्यक्ष का पद संभाला। जेपी नड्डा से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बीजेपी के अध्यक्ष थे।

## नकुलनाथ ही जॉइन कर सकते हैं भाजपा

**नई दिल्ली.** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और उनके बेटे सांसद नकुलनाथ का भाजपा में जाने की अटकलें हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि कमलनाथ बीजेपी में शामिल होने के बजाय राजनीति से संन्यास या चुनावी राजनीति से दूर रहने की घोषणा कर सकते हैं। उनके बेटे सांसद नकुलनाथ और बहू प्रियानाथ बीजेपी की सदस्यता ले सकती हैं। कब बीजेपी जॉइन करेंगे, इसकी आधिकारिक रूप से कोई जानकारी सामने नहीं आई है। वे शनिवार से दिल्ली में हैं। रविवार को कमलनाथ दिल्ली में अपने आवास से निकले। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा- अभी तो मेरी कहीं बात नहीं हुई है। मैं तेरहवीं में जा रहा हूं।

# योगी आदित्यनाथ दूसरे सबसे लोकप्रिय CM

- पसंदीदा मुख्यमंत्री कौन
- सर्वे ने चौंकाया

**नई दिल्ली.** भारत के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों को लेकर किए सर्वे के परिणाम काफी दिलचस्प हैं। हाल ही में किए गए सर्वे के मुताबिक, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों में दूसरे पायदान पर हैं। तीसरे नंबर पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं। सर्वेक्षण के मुताबिक, पहले पायदान पर नाम काफी चौंकाने वाला है।

प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के काम के आकलन को लेकर हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण के अनुसार, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने मुख्यमंत्रियों के बीच लोकप्रियता रेटिंग के मामले में टॉप पांच में जगह बनाई है। सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता और स्वीकार्यता का आकलन करना था, जिससे कुछ दिलचस्प नतीजे सामने आए हैं।

सर्वेक्षण के अनुसार, ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक 52.7 प्रतिशत की अप्रत्याशित लोकप्रियता रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 51.3 प्रतिशत लोकप्रियता रेटिंग के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे स्थान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा हैं, जिन्होंने 48.6 प्रतिशत रेटिंग हासिल की है, जबकि चौथे स्थान पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल हैं, जिन्हें 42.6 प्रतिशत रेटिंग मिली है।

## खबरें गांव की...

### नाबालिग ने साइकिल सवार कारोबारी को मारी टक्कर, पसलियां टूट कर दिल में घुसीं, मौत

**कानपुर.** कानपुर स्थित गंगा बैराज पर फिर नाबालिग स्टंटबाज ने एक जान ले ली। शनिवार सुबह सात बजे साइकिलिंग करने पहुंचे दवा कारोबारी व व्यापारी नेता 63 वर्षीय निकेश तलाटी को 80-90 की स्पीड में कार से स्टंट कर रहे नाबालिग चालक ने उड़ा दिया। निकेश को सर्वोदय नगर स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कार सवार दो को हिरासत में ले लिया है। कार चलाने वाला नाबालिग है। बगल में बैठा उसका दोस्त बालिग है। पुलिस के मुताबिक मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपितों को जेल भेजा जाएगा।

### छेड़छाड़ से तंग 10वीं की छात्रा ने की आत्महत्या

**कन्नौज.** कन्नौज से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां 10वीं छात्रा शुक्रवार को स्कूल से प्रवेश पत्र लेकर लौट रही थी। तभी रास्ते में युवकों ने उसके साथ छेडछाड़ की। उनसे किसी तरह बचकर युवती घर पहुंची। शाम को जब वह खेत गई तो शोहदों ने उसे झाड़ियों मे खींच लिया और इसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। वहां से बचकर भागी छात्रा ने घर आकर फांसी पर लटक गई। दूसरी ओर जब दादी घर आई तो कमरे में पोती का शव लटकता देख पड़ोसियों को बुलाया। सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस भी पहुंची।

### प्रेमी के साथ मिलकर महिला ने करवाई पति की हत्या

**लखनऊ.** लखनऊ में एक महिला ने आधी रात को प्रेमी को घर बुलाया था। दोस्तों के साथ प्रेमी पहुंचा तो महिला ने दरवाजा खोल दिया। इसके बाद प्रेमी दोस्तों संग घर में घुसा और महिला के पति की हत्या कर दी. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गुड़ंबा के नेहरू विहार में सिक्योरिटी गार्ड गुरु प्रसाद उर्फ नीरज (40) की गला घोंट कर हत्या की है। हत्या की साजिश गुरु प्रसाद की पत्नी पूनम ने प्रेमी शिव कुमार के साथ मिल कर रची थी। वहीं, हत्या को अंजाम देने में शिव कुमार के दोस्त राज गौतम और रवि भी शामिल थे, जिन्हें गुड़ंबा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल के मुताबिक नेहरू विहार निवासी गुरु प्रसाद की हत्या गला दबा कर की गई थी। उन्होंने बताया कि शनिवार रात गुरु प्रसाद के घर के बाहर तीन लोग संदिग्ध हालत में टहल रहे थे। गश्त पर निकले सिपाहियों को देख कर आरोपी हड़बड़ा गए। शक होने पर संदिग्धों को पकड़ कर सिपाही थाने ले आए, जहां पूछताछ किए जाने पर सिक्योरिटी गार्ड की हत्या किए जाने का पता चला।

### अयोध्या में रामलला के दर्शन को उमड़ी भीड़, काबू पाने को लगाने पड़ी अतिरिक्त पुलिस

अयोध्या में रामलला का दर्शन करने के लिए एक बार फिर रविवार को श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार व सिपाही भर्ती की परीक्षा की वजह से अप्रत्याशित रूप से ज्यादा भीड़ हो गई। स्पेशल ट्रेन और बस से आने वाले श्रद्धालुओं के बाद रविवार की छुट्टी के चलते राम भक्तों में गजब का उत्साह दिखा। भीड़ काबू करने के लिए पुलिस कर्मियों को अतरिक्त व्यवस्था करनी पड़ी। राम पथ पर ही तीन जगहों पर भीड़ को रोकने के लिए व्यवस्था की गई थी।

### बुलंदशहर में पुलिस एनकाउंटर, डकैती का वांछित इनामी अपराधी मुठभेड में गिरफ्तार

**बुलंदशहर.** बुलंदशहर पुलिस ने रविवार सुबह एक मुठभेड़ के दौरान डकैती की घटना में वांछित 25 हजार के इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि जनपद मे वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज थाना छतारी पुलिस एक सूचना पर कस्बे के अनाज मंडी के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चेकिंग में व्यस्त थी। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर बदमाश पुलिस पर फायर करता हुआ अनाज मंडी के पास बाग में भाग गया। पुलिस द्वारा बाग की घेराबंदी किऐ जाने पर बदमाश ने जब अपने को घिरता देखा तब पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया।

# आगरा किले में मनाई जाएगी शिवाजी जयंती

- महाराष्ट्र के CM और डिप्टी सीएम आएंगे

**आगरा.** आगरा के ऐतिहासिक किले में इस वर्षभी धूमधाम से मनाई जाएगी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती। आगरा किले का दीवान- ए -आम गूंज उठेगा छत्रपति शिवाजी महाराज की जय जय कार से! महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथजी शिंदे, केंद्रीय रेल्वे और कोयला विभागके राज्यमंत्री राव साहेब पाटील दानवे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य मान्यवर मुख्य अतिथि. छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर 19 फरवरी को आगरा किले में मनाई जाएगी। जिस दीवान-ए- आम में छत्रपति शिवाजी महाराजने अस्मिता और स्वाभिमान का प्रदर्शन औरंगजेब के दरबार में किया, उसी दीवान-ए-आम में लेजर शो का प्रदर्शन किया जाएगा। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, रेल्वे और कोयला विभाग के राज्यमंत्री रावसाहेब पाटील दानवे, महाराष्ट्र के सांस्कृतिक कार्य विभाग के मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, छत्रपती उदयनराजे भोसले सहित कई मंत्री उपस्थित रहेंगे।

छत्रपति संभाजीनगर स्थित अजिंक्य देवगिरी प्रतिष्ठान अध्यक्ष विनोद पाटील ने बताया कि इस बार के कार्यक्रम में महाराष्ट्र गीत का सादरीकरण, छत्रपति शिवाजी महाराज गीत, छत्रपति शिवराय के जीवनपर सांस्कृतिक नृत्य, महाराष्ट्र राज्याचे चलन' इस कॉफी टेबल बुक का प्रकाशन, छत्रपती शिवाजी महाराज के आगरा पराक्रम पर लेजर शो समारोह का विशेष आकर्षण होंगे। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी को औरंगजेब ने इसी किले के दीवाने आम में नजरबंद रखा था। वो उसकी कैद से बचकर महाराष्ट्र पहुंचे थे। इसके बाद ही उन्होंने स्वराज की स्थापना की थी। ऐसे में आगरा किले में आयोजन होगा बड़ी बात है। छत्रपति शिवाजी संपूर्ण भारतवर्ष के आदर्श है।

# भारत ने 434 रन से जीता राजकोट टेस्ट



- रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत
- यशस्वी का दोहरा शतक
- जडेजा प्लेयर ऑफ द मैच

राजकोट में 557 रन के पहाड़ जैसे टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम 122 रन ही बना सकी। भारत ने रिकॉर्ड 434 रन से तीसरा टेस्ट जीता और सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 फरवरी से रांची में शुरू होगा। रवींद्र जडेजा ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए, उन्होंने पहली पारी में सेंचुरी भी लगाई थी। जडेजा ने मैच में कुल 7 विकेट लिए, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। टीम से युवा यशस्वी जायसवाल ने भी दोहरा शतक लगाया।

निरंजन शाह स्टेडियम में गुरुवार को भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। पहली पारी में टीम इंडिया ने 445 और इंग्लैंड ने 319 रन बनाए। भारत ने दूसरी पारी 430/4 के स्कोर पर डिक्लेयर की।

भारत ने 434 रन से इंग्लैंड को हराया। रन के अंतर से यह टीम की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े मैदान पर न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था। इंग्लैंड के खिलाफ इससे पहले टीम की सबसे बड़ी जीत 317 रन की थी। टीम ने 2021 में चेन्नई के मैदान पर इसे हासिल किया था।

### चौथे दिन शुभमन-कुलदीप ने इंग्लैंड को परेशान किया

भारत ने 196/2 के स्कोर से चौथे दिन खेलना शुरू किया। शुभमन गिल ने 65 और कुलदीप यादव ने 3 रन के निजी स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई। शुभमन 91 और कुलदीप 27 रन बनाकर

**किसान संगठनों और खापों की महापंचायत**

# मांगें नहीं मानी तो दिल्ली घेरेंगे हरियाणा के किसान

**चंडीगढ़.** रविवार को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर तट पर हुई किसान संगठनों और खापों की महापंचायत में फैसला लिया गया कि अगर आज शाम चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में केंद्र सरकार ने किसानों की मांगें नहीं मानी तो हरियाणा के किसान भी दिल्ली कूच करेंगे। दिल्ली के किसानों को भी साथ लिया जाएगा और दिल्ली को घेरा जाएगा।

भाकियू अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी और सर्वखाप पंचायत के समन्वयक डॉ. ओमप्रकाश धनखड़ ने बताया कि आज सरकार नहीं मानी तो आंदोलन बेहद कड़े रूप में चलाया जाएगा। यहां तक कि दिल्ली का दूध से लेकर सब्जी तक सब बंद कर दिया जाएगा। वे लगातार सभी प्रदेशों की खापों के साथ संपर्क में हैं और सभी जगह कॉल कर दी जाएगी। यह आंदोलन हरियाणा की ओर से गुरनाम चढ़ूनी की अगुवाई में लड़ा जाएगा। चढ़ूनी ने कहा कि किसी भी स्तर पर इस बार आंदोलन कमजोर नहीं पड़ने दिया जाएगा और न ही बिना मांगें पूरी हुए वापस होंगे। रविवार को कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर तट पर हुई किसान संगठनों और खापों की महापंचायत में फैसला लिया गया कि अगर आज शाम चंडीगढ़ में होने वाली बैठक में केंद्र सरकार ने किसानों की मांगें नहीं मानी तो हरियाणा के किसान भी दिल्ली कूच करेंगे। दिल्ली के किसानों को भी साथ लिया जाएगा और दिल्ली को घेरा जाएगा।

## जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने ली समाधि

**डोंगरगढ़.** दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने शनिवार (17 फरवरी) देर रात 2:35 बजे अपना शरीर त्याग दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरि तीर्थ में आचार्य पद का त्याग करने के साथ 3 दिन का उपवास और मौन धारण कर लिया था।

उनके शरीर त्यागने की खबर मिलने के बाद जैन समाज के लोग डोंगरगढ़ में बड़ी संख्या में पहुंचे। पूजन के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं मध्यप्रदेश में सरकार के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। इसके अलावा मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में आधे दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है।

PM मोदी ने आचार्य विद्यासागर को नमन किया, श्रद्धांजलि दी। कहा- मैं शोक में हूं, मेरे लिए ये व्यक्तिगत क्षति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विधानसभा चुनाव के दौरान 5 नवंबर को डोंगरगढ़ भी पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने आचार्य विद्यासागर जी महाराज से चंद्रगिरी पर्वत में मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनसे आशीर्वाद लिया और चर्चा की थी।



संक्षेप...

## मेफेड्रोन के साथ नाइजीरियाई व्यक्ति गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** एक नाइजीरियाई नागरिक को कथित तौर पर 55 ग्राम मेफेड्रोन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जब्त किये गये प्रतिबंधित मादक पदार्थ की कीमत 5.50 लाख रुपये है। अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद अब्दुल रज्जाक हसन को शनिवार को खारघर के सेक्टर 35 में एक आवासीय सोसाइटी के पास से पकड़ा गया। खारघर थाने के अधिकारी ने बताया, "हमने आरोपी के पास से 5.50 लाख रुपये की 55 ग्राम मेफेड्रोन जब्त की। स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी से जुड़े तस्करी नेटवर्क की जांच की जा रही है.

# यह वैचारिक लड़ाई है, व्यक्तिगत नहीं

### बारामती से भाभी सुनेत्रा के खड़े होने की अटकलों पर बोलीं सुप्रिया सुले



**मुंबई.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नाम के बाद अब बारामती निर्वाचन क्षेत्र को लेकर शरद पवार और अजित पवार आमने सामने आ गए हैं। दोनों के बीच तनातनी जारी है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को बारामती से सांसद सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनावी बिगुल फूंका और संकेत दिए कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी चचेरी बहन के खिलाफ उम्मीदवार उतार सकते हैं। ऐसे में कयास लगने लगे हैं कि अजित अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को चुनावी मैदान में उतार सकते हैं। अजित के तीखे बयानबाजी के बाद सुले ने रविवार को एक बार फिर कहा कि लोकतंत्र में सभी को चुनाव में खड़े होने का अधिकार है। सुनेत्रा पवार के चुनावी मैदान में उतरने पर एनसीपी शरदचंद्र पवार की नेता सुप्रिया सुले ने कहा, 'यह परिवार की लड़ाई कैसे हो सकती है? लोकतंत्र में कोई भी चुनाव लड़ सकता है। मैंने कल भी कहा था कि अगर उनके पास मजबूत उम्मीदवार है तो मैं उस उम्मीदवार से बात करने को तैयार हूं। वे जो भी विषय, समय या स्थान तय करेंगे, मैं बैठने और चर्चा करने के लिए तैयार हूं।'

नेताओं से संबंध होने पर सुले ने कहा, 'यह विचारों की लड़ाई है। यह व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है। भाजपा के कई नेता मेरे दोस्त हैं। मेरे काम भी करते हैं। गडकरी जैसे कई नेता, जो अच्छा काम कर रहे है उनकी तारीफ करने में कोई बुराई नहीं है। मेरा परिवार बहुत बड़ा है, उनका राजनीति से कोई संबंध नहीं है, उन्हें राजनीति में न खींचा जाए। भाभी का इन सबसे क्या लेना देना है। यह विचारों की लड़ाई है, व्यक्तिगत नहीं। '

### अजित का बयान

दरअसल, अजित पवार ने बिना नाम लिए कहा था कि वह सिर्फ भाषण देती हैं और अवॉर्ड जीतती हैं, लेकिन क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं करती हैं। उन्होंने कहा था कि हम ऐसे लोगों को संसद में नहीं भेज सकते जो समस्याओं का समाधान नहीं करते। सिर्फ संसद में भाषण देने से कुछ नहीं होता। अगर वह भाषण देंगे और बारामती में काम न करें, तो क्या यहां कुछ होगा?


### चुनाव में सभी को खड़े होने का अधिकार : शरद पवार

NCP शरदचंद्र पवार के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा था, 'लोकतंत्र में, सभी को चुनाव में खड़े होने का अधिकार है। अगर कोई उस अधिकार का प्रयोग कर रहा है तो इसके बारे में शिकायत करने का कोई कारण नहीं है। हमें लोगों के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए। लोग जानते हैं कि हमने पिछले 55-60 सालों में क्या किया है।'

### शरद पवार और सुप्रिया सुले का गढ़ रहा बारामती

बारामती लोकसभा क्षेत्र पारंपरिक रूप से शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले का गढ़ रहा है, हालांकि, महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार ने उनके खिलाफ उम्मीदवार उतारने की घोषणा की। अजित पवार ने यह भी कहा कि अगर उनका उम्मीदवार सुले के खिलाफ जीतता है तभी वह बारामती से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और मतदाताओं से निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए मतदान करने की अपील की।

# बेबी सीटिंग वाली महिला ने चुराया सोने का हार



**कल्याण.** डोंबिवली के विष्णुनगर थाना क्षेत्र में बेबी सिटिंग यानी बच्चा संभालने वाली एक महिला ने बच्चे के स्कूल बैग में रखा 1 लाख 20 हजार रुपए मूल्य का चार तोले का सोने का हार चोरी कर लिया। कात्रपगांव, बदलापुर की रहने वाली अपर्णा पाटणकर की शिकायत पर विष्णुनगर पुलिस ने डोंबिवली की रहने वाली ज्योति छेड़ा नामक महिला के ऊपर मामला दर्ज किया है।

विष्णुनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महिला अपर्णा पाटणकर नौकरी करती है, इसलिए उन्होंने बच्चे को डोंबिवली के कोपरगांव में रहने वाली उनकी बहन कोमल के घर पर छोड़ा था। बच्चे के स्कूल बैग में सोने का हार रखा हुआ था। हालांकि बच्चे के स्कूल बैग में इतना कीमती हार क्यों रखा हुआ था इसके बारे में ज्यादा जानकारी तो नहीं मिल पाई, लेकिन आरोप है कि कोमल के घर बेबी सिटिंग करने वाली महिला ज्योति ने बच्चे के स्कूल बैग से सोने का हार निकाल लिया। 4 तोला वजनी हार की कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है। इस विषय में अपर्णा पाटणकर ने डोंबिवली के विष्णुनगर थाने में ज्योति छेड़ा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 381 के तहत ज्योति पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है।

# कचरा उठाने में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदार का ठेका रद्द

■ नये ठेकेदार की नियुक्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू

▶▶ उल्हास विकास संवाददाता

**भिवंडी.** भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका क्षेत्र में प्रतिदिन जमा होने वाले सैकड़ों टन कचरे को हटाने के लिए नियुक्त ठेकेदार आर एंड बी इंफ्रा कंपनी द्वारा किए गए गैरजिम्मेदाराना और घटिया कार्य के कारण शहर में कचरे की समस्या गंभीर हो गई है। मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने बताया कि मनपा प्रशासन ने आखिरकार ठेकेदार के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी कर ली है और ठेकेदार का ठेका आगामी 29 फरवरी से रद्द कर दिया गया है।

शहर की मुख्य सड़कों और आंतरिक सड़कों के साथ-साथ शहर के कई स्थानों पर कूड़े का ढेर लगा हुआ है. मनपा के स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ गई हैं। जिसे लेकर मनपा प्रशासन की भारी किरकिरी हो रही थी। अंततः भिवंडी मनपा प्रशासक व आयुक्त अजय वैद्य ने कानूनी प्रक्रिया करते हुए साहसिक फैसला लेकर लापरवाह ठेकेदार कंपनी का ठेका रद्द कर दिया है।



गौरतलब हो कि, मई 2022 में बोरीवली मुंबई स्थित कंपनी आर एंड बी इंफ्रा को भिवंडी मनपा क्षेत्र में प्रतिदिन जमा होने वाले लगभग पांच सौ टन कचरे को उठाने और परिवहन करने के लिए 1 हजार 229 रुपये प्रति टन की दर से कचरा उठाकर इसे डंपिंग ग्राउंड तक डालने का ठेका दिया था। इसके साथ ही महानगरपालिका ने स्वयं 5 करोड़ रुपए खर्च कर खरीदी किये गए वाहन को एक रुपये की मामूली दर पर 50 घंटा गाड़ियाँ और 23 कंप्रेसर कचरा संग्रहण वाहन दिया था । कचरा ढुलाई ठेकेदार द्वारा कचरा उठाने की खातिर भिवंडी मनपा को प्रति माह करीब पौने दो करोड़ रुपये खर्च भुगतान करना पड़ता है बावजूद कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार की ढिलाई के कारण शहर में कूड़े की समस्या गंभीर हो गयी है। शहर में लगातार कूड़े की समस्या को लेकर मनपा आयुक्त अजय वैद्य ने कूड़ा कलेक्शन करने वाले ठेकेदार को 60 दिन का अंतिम नोटिस जारी किया था। उक्त नोटिस 12 फरवरी को समाप्त हो गया, जिससे मनपा क्षेत्र में कचरा उठाने वाली ठेकेदार का ठेका रद्द हो गया है। मनपा आयुक्त अजय वैद्य के अनुसार मनपा प्रशासन ने नये ठेकेदार की नियुक्ति के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मनपा आयुक्त वैद्य के निर्देश पर शहर में कूड़े की समस्या गंभीर होने के पहले मनपा प्रशासन ने अपने ही कर्मचारियों से शहर में कूड़ा उठवाना शुरू कर दिया है।

# ठाणे शहर को विकसित करने के लिए विकासकों का योगदान जरूरी

### क्रेडाई एमसीएचआय प्रापर्टी प्रर्दशनी में बोले केंद्रीय राज्यमंत्री कपिल पाटील

**ठाणे.** क्रेडाई एमसीएचआय की ओर से प्रापर्टी 2024 के प्रर्दशनी उपस्थित केंद्रीय पंचायती राज्यमंत्री कपिल ने कहा कि ठाणे शहर विकासशील बनाने के लिए विकासकों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में सबसे अधिक घरों की खरीदारी ठाणे में है। शहर में विकासकों के सहयोग से सड़क, पानी, बिजली जैसी तमाम मूलभूत सुविधाओं को लेकर कार्य तेज गति से हो रहा है। शहर को हरा भरा बनाना है तो सोलर पावर प्रोजेक्ट की व्यवस्था करना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण करना आवश्यक है।

वहीं विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि विकासक घर का निर्माण कार्य शहर में जोरदार कर रहे है लेकिन उसके साथ ही सड़क



,पानी, बिजली आदि सुविधाओं के लिए भी कार्य करना आवश्यक है।

क्रेडाई एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने कहा कि इस प्रदर्शनी में बड़े पैमाने पर घर खरीदने के लिए लोग आएंगे.

ठाणे प्रॉपर्टी एक्सपो के अध्यक्ष संदीप माहेश्वरी ने कहा कि यह कार्यक्रम रेमंड कंपनी में तीसरी बार हो रहा है। बोमन ईरानी ने कहा कि एमएमआर के रफ्तार में मुख्यमंत्री का बड़ा योगदान है। मनपा अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवीय ने कहा कि ठाणे लोगों के लिए च्वाइस हो गया है इसका कारण है शहर में बड़े पैमाने पर हो रहे विकास। देश में विकसित शहरों में तीसरे स्थान पर है ठाणे शहर। स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक रामकुमार तिवारी ने कहा कि ठाणे शहर हाउसिंग क्षेत्र में अपना स्थान बना लिया है जिसमें एमसीएचआई का बड़ा योगदान है।इस अवसर पर भाजपा नेता संदीप लेले, धवल अजमेरा, गौरव शर्मा,डोमनिक रोमेल,फैयाज वीरानी,सुरेश पोहुजा के साथ बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# 'ओह माय झूलेलाल' नाटक का मंचन उल्हासनगर में 24 फरवरी को

**उल्हासनगर.** सिंधु सखा संगम एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में वरिष्ठ रंगकर्मी सदाहयात रमन राजपाल की प्रेमपूर्ण स्मृति में, सिन्धी नाटक 'विरहाँगे जो वार विछिडियल प्यार' के तहत 'ओ माय झुलेलाल' नाटक का मंचन शनिवार 24 फरवरी की शाम 7 बजे से सिंधु यूथ सर्कल, स्टेशन रोड, उल्हासनगर-3 में होने जा रहा है। इस नाटक की निर्देशिका जूली तेजवानी व लेखक निखिल राजपाल हैं.

सिंधु सखा संगम की अध्यक्षा जूली तेजवानी ने बताया कि इस नृत्य नाटिका में सिंधियों पर विभाजन का क्या असर हुआ था और कैसे विभाजन के बाद सिंधियों ने खुद को फिर से बसाया और कैसे सिंधियों के ईष्ट देव भगवान झूलेलाल की असीम कृपा आज के




युग में भी बरकरार हैं. जब भी धर्म पर संकट आया है भगवान ने आकर धर्म को बचाया है और भक्तों को दर्शन देकर उनका जीवन सफल किया है, अनेक दृश्य इस कार्यक्रम में दिखाई देने वाले हैं, जहाँ भगवान झूलेलाल साईं भक्तों के दुख दूर करने के लिए अवतार लेकर धरती पर आते हैं और सब कुछ ठीक करके फिर स्वर्गलोक पधारते हैं. साथ ही साथ इसमें नृत्य तथा संगीत के माध्यम से पूरा डांस ड्रामा दर्शाया जायेगा, लुप्त हो रही भाषा को कला के रूप में ही दर्शकों तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है और यही आज की जरूरत बन चुकी है।

इसी कड़ी में सिंधी कला एवं संस्कृति तथा सिंधी नाटक रंगमंच से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा जिसमें नवजीवन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड उल्हासनगर का भी सहयोग रहेगा,

20 फरवरी की शाम 8.30 से 9.30 बजे, साईं वसंशाह गार्डन, अमन टॉकीज़ रोड, उल्हासनगर 3 मे प्रसिद्ध लेखक निर्देशक और कलाकार आकर युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे. ऐसी जानकारी आयोजक जूली तेजवानी, किशन रामनानी, हीरो पारवानी व जयश्री थावानी द्वारा प्राप्त हुई.

# वागले इस्टेट की बंद कंपनी में लगी आग

**ठाणे.** शहर वागले स्टेट इलाके के किसन नगर में एक बंद पड़ी कंपनी में आग लगने की घटना हुई है मनपा आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक यह आग आज रविवार के दिन लगभग पौने दो बजे लगी है.

बंद पड़ी कंपनी की दो मंजिला इमारत में रखे भंगार में अचानक आग लग गई.आग की सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों टीम घटना स्थल पर पहुंच कर आग को पूरी तरह से बुझा दिया.इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है.

# राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 'प्रेरणा' का उद्घाटन

**उल्हासनगर.** राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के बीच नेतृत्व कौशल विकसित करने के उद्देश्य से पांच दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 'प्रेरणा' का आयोजन महाराष्ट्र राज्य उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग और एसएसटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के सहयोग से नेरल के किया गया है। इस शिविर में महाराष्ट्र के 39 विश्वविद्यालयों के लगभग 200 स्वयंसेवकों और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने






भाग लिया है। इस शिविर का उद्घाटन भारत सरकार के एनएसएस युवा अधिकारी श्री. सुमंत कुमार यादव, मुंबई विश्वविद्यालय एनएसएस सेल के कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश देवकर, एसएसटी कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी, दिलकैप कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शशांक डीगवी, मुंबई विश्वविद्यालय एनएसएस सेल के ओएसडी श्री.सुशील शिंदे, एनएसएस के ठाणे जिला समन्वयक श्री जीवन विचारे, अन्य जिला समन्वयक, मंडल समन्वयक की उपस्थिती मे संपन्न हुआ। इस पाच दिवसीय शिबिर मे एनएसएस स्वयंसेवको को एन एस एस के उद्देश, विविध उपक्रम तथा उन्हे सफल बनाने के तरीके ,नेतृत्व कौशल,संवाद कौशल आदि विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा। एसएसटी कॉलेज के द्वारा इसके पहले जिल्हास्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिबिर ,राज्यस्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिबिर,आपदा प्रबंधन शिबिर का सफल आयोजन किया गया है। तथा मुंबई विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकात्मता शिबीर के आयोजन समिती मे भी कॉलेजने महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई है।

# गुलजार को मिलेगा 58वां ज्ञानपीठ पुरस्कार


शनिवार को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार की घोषणा हो गई है। इसकी घोषणा करते हुए ज्ञानपीठ चयन समिति ने बताया कि इस साल मशहूर गीतकार और कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को इसके लिए चुना किया गया है। इन दोनों को ही 58वें ज्ञानपीठ समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

### कवि कुमार विश्वास ने दी बधाई

कवि कुमार विश्वास ने इस मौके पर गुलजार और जगद्गुरु रामभद्राचार्य को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'परमपूज्य तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज को संस्कृत भाषा के लिए व आदरणीय अग्रज श्री गुलजार साहब को उर्दू भाषा के लिए ज्ञानपीठ सम्मान घोषित होने पर मेरे इन दोनों अत्यंत आदरणीयों को सादर अशेष शुभकामनाएं।'

### कई अवॉर्ड्स से नवाजे जा चुके हैं गुलजार

गुलजार को हिंदी सिनेमा के महानतम गीतकार और लेखकों में से एक माना जाता है। इससे पहले उन्हें 2002 में उर्दू के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण, 2008 में अकेडमी अवॉर्ड, 2010 में ग्रैमी अवॉर्ड और 2013 में दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उनके नाम 5 नेशनल अवॉर्ड समेत कई और अवॉर्ड भी हैं।



# आयुष्मान कार्ड एवं वोटिंग कार्ड शिविर आयोजित



**मुंबई.** आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने पूनम महाजन महिला स्व-सहायता समूह महासंघ के तहत चांदीवली के काजुपाड़ा में गुरुकुल कोचिंग क्लासेस में एड कैलास आगवने द्वारा आयोजित आयुष्मान भारत कार्ड और वोटिंग कार्ड शिविर का उद्घाटन किया।

सांसद पूनम महाजन के मार्गदर्शन में पूरे उत्तर मध्य मुंबई लोकसभा क्षेत्र में आयुष्मान भारत कार्ड एवं वोटिंग कार्ड शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एड कैलास आगवने ने इससे पहले लोक सेवा मंडल में पहला शिविर आयोजित किया था। इस दूसरे शिविर में वार्ड अध्यक्ष स्वप्निल पवनकर, नंदू सालुंखे, संतोष कदम, पंकज शर्मा. संदेश झुरकाड़े, ईश्वर चंद बेनबंसी, सुरेश आंब्रे, यशवंत आंब्रे, जगन्नाथ धुरी, कृष्णा चौरसिया, मनीष बावकर, रमेश विश्वकर्मा, अमित श्रीवास्तव, प्रतीक प्रजापति मौजूद रहे।

### आम सूचना

हम श्रीमती सोनी अर्जनदास कुकरेजा व श्री अर्जनदास कुकरेजा सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 302-बी, 3रा माला, रेखा अपार्टमेंट, रुम नं. 9 से 13, बैरक नं. 84, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय020115000) उक्त प्रॉपर्टी मैंने श्रीमती कविता विजय दौलताणी व श्री विजय हास्साराम दौलताणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 15.5.2015 सी.नं.826 द्वारा हमें खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सोनी अर्जनदास कुकरेजा व श्री अर्जनदास कुकरेजा**

### आम सूचना

मैं श्रीमती जया पहिलाज वाधवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप नं. 146, ग्राऊंड फ्लोर, टोकियो मार्केट, बैरक नं. 464 और 470 के पास, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय017518500) उक्त प्रॉपर्टी श्री पहिलाज गुरबक्ष वाधवाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 16.2.2024 सी.नं. 6/18 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती जया पहिलाज वाधवाणी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती संगीता रामचंद वासवाणी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 401, 4था माला, अमरदीप अपार्टमेंट, रुम नं. 8, बैरक नं. 63, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 14एआय015662600) उक्त प्रॉपर्टी श्री संदीप रामचंद वासवाणी के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 4.10.2020 सी.नं. 1870 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती संगीता रामचंद वासवाणी**

### आम सूचना

मैं श्री जगदीश सतरामदास चेटवाणी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 304, 3रा माला, नीलमा अपार्टमेंट, रुम नं. 89, ब्लॉक नं. सी-23, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 29सीओ005319000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती चन्द्रा सतरामदास चेटवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 6.10.2012 सी.नं. 988 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री जगदीश सतरामदास चेटवाणी**


Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel उल्हास वि NEWS

आपकी आवाज 15 सेकंड का वीडियो 9322233577

इस नंबर पर भेजकर हमारे न्यूज के जरिए अपनी समस्या प्रशासन तक पहुंचाएं।



संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099